**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

**LEAD TO ILLUMINATE**



# HINDI

## 2021-22

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

| S No | Name | Position |
|---|---|---|
| 1 | Ms SHEELA | Faculty |

# INDEX (2021-2022)

| S NO | DATE | NAME OF THE EVENT | PARTICIPANTS | VENUE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.06.2021 | Online 7th International yoga day | 49 | Online |
| 2 | 24.07.2021 | Inter collegiate competitions | 6 | Online |
| 3 | 25.07.2021 | Panel discussion on writing skills | 23 | Online |
| 4 | 31.07.2021 | Prem Chand Jayanthi Seminar | 27 | Online |
| 5 | 18.09.2021 | Hindi Diwas | 72 | Montfort hall |
| 6 | 25.11.2021 | Harivansh Rai Bachchan Jayanthi | 80 | Montfort hall |
| 7 | 09.12.2021 | Intra Collegiate competitions | 43 | Classroom |
| 8 | 17.12.2021 | Field Trip | 45 | Midhani |
| 9 | 24.03.2022 | Field Trip | 16 | Osmania University |
| 10 | 13.04.2022 | Attended in Poetry recitation competition at DBHPS | 04 | DBHPS Khairtabad |
| 11 | 07.05.2022 | Inter collegiate competition | 25 | LFDC |

# योग दिवस का ऑनलाईन आयोजन संपन्न

| | |
|---|---|
| Name of the program | : **“Yog Kare Swasth Rahe”** |
| Date | : 21/06/2021 |
| Place | : online |
| Number of participants | : 49 |
| Guest | : Ms Priya Thakur |

दि. 21 जून 2021 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में 7वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर “योग करें, स्वस्थ रहें” विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यशाला में लोयोला कॉलेज, अलवाल, सिकंदराबाद की सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) एवं प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक सुश्री प्रिया ठाकुर अतिथि व्याख्याता रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में योग से होने वाले लाभ के संबंध में बताया और सभी प्रतिभागियों को समान्य योगासन प्रशिक्षण देकर उनसे अभ्यास भी करवाया। कार्यशाला में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद के अतिरिक्त नगरद्वय के विभिन्न संस्थानों से अध्यापक व छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की संस्कृत प्राध्यापिका श्रीमती डी गायत्री द्वारा प्रार्थना गीत गायन व अतिथि व्याख्याता के परिचय से हुआ। कार्यशाला का संचालन कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने किया।






योग का प्रशिक्षण देती हुई श्रीमती प्रिया ठाकुर

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)


Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**


# फेस्टा लिटरेरिया में हिंदी में वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **Festa Literaria** |
| Date | : | 24/07/2021 |
| Place | : | online |
| Number of participants | : | 6 |

दि. 24 जुलाई 2021 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में 'फेस्टा लिटरेरिया 2021' के अवसर पर हिंदी में 'महान व्यक्तियों के भाषण' विषय पर ऑनलाइन वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में श्री चैतन्य जूनियर कॉलेज, यूनिवर्सिटी कॉलेज फॉर विमेन कोटि, ऑल सेंट्स कॉलेज, लिटिल फ्लॉवर डिग्री कॉलेज, सेंट पायस डिग्री और पीजी कॉलेज फॉर विमेन, कस्तूरभा गांधी डिग्री और पीजी कॉलेज फॉर विमेन के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ऑल सेन्ट्स कॉलेज की अदिति नायर, लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल की मोहिनी देकाते और यूनिवर्सिटी कॉलेज फॉर विमेन कोटि की मोहम्मद मैमूना को क्रमशः प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष शीला बालाजी ने किया। बद्रुका डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापक डॉ. सुष्मा देवी ने प्रतियोगिता के निर्णायक की निभायी।



ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# पैनल चर्चा (बेहतर रायटर कैसे बने)

Name of the program : **Behatar writer kaise Bane (Panel Discussion)**
Date : 25 /07/ 2021
Place : Online
Number of Participants : 23
Guest : Dr Gopal Sharma, Dr Rishabh Dev Sharma

लेखन कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद द्वारा 'बेहतर राइटर कैसें बनें?' विषय पर दि. 25.07.2021 को ऑनलाइन परिचर्चा कार्यक्रम का राष्ट्रीय वेबिनार के रूप आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गोपाल शर्मा द्वारा रचित 'बेहतर राइटर कैसे बनें?' पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया।

परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ऋषभदेव शर्मा, कवि एवं समालोचक ने की। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा, अंग्रेजी प्रोफेसर, अरबामींच विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका थे। छह चक्रों में चले परिचर्चा कार्यक्रम में अवधेश सिन्हा (पूर्व वैधानिक लेखा परीक्षक, भारतीय दूतावास), डॉ. गुर्रमकोंडा नीरजा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद), डॉ. मंजु शर्मा (हिंदी विभागाध्यक्ष, चिरेक इंटरनेशनल स्कूल, हैदराबाद) और प्रवीण प्रणव (डाइरेक्टर, प्रोग्रामिंग, माइक्रोसॉफ्ट) ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

संचालक डॉ. बी. बालाजी (उप प्रबंधक, मिधानि) ने परिचर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए 'बेहतर राइटर कैसे बनें?' पुस्तक का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष डी. गायत्री ने प्रार्थनागीत से किया। संयोजिका शीला बालाजी ने आरंभ में सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। आयोजक संस्था की ओर से धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





ऑनलाइन पैनल चर्चा का दृश्य

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

## प्रेमचंद जयंती पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

| | |
|---|---|
| Name of the program | : **Prem Chand Jayanthi** |
| Date | : 31/07/2021 |
| Place | : Online |
| Number of Participants | : 28 |
| Guest | : Dr Arvind Kumar, Mr. Aman Kumar |

## प्रेमचंद जयंती के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

दि. 31.07.2021 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल द्वारा प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय वेबिवार आयोजित किया गया। इसमें अमन कुमार त्यागी, संपादक, शोधादर्श, नजिबाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा "प्रेमचंद के साहित्य में किसान विमर्श" और डॉ. अरविंद सिंह, प्रधान संपादक, शार्प रिपोर्टर, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश द्वारा "हिंदी पत्रकारिता को प्रेमचंद की देन" विषयों पर प्रभावशाली व्याख्यान दिए।





मुख्य वक्ता अमन कुमार त्यागी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society


# लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **Hindi Diwas** |
| Date | : | 18.09.2021 |
| Place | : | Montfort hall |
| Number of Participants | : | 72 |

दि. 18.09.2021 को लिटिल फ्लवार डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारे देश की राष्ट्रभाषा है। यह पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती है। यह देश की संपर्क भाषा है। उन्होंने भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा की वजह से ही मनुष्यों के बीच सार्थक संभाषण की संभावनाएँ बढ़ी हैं। भाषा हमारी सभ्यता और संस्कृति को संजोए रखने का सशक्त माध्यम भी है।

इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने के कारण और राजभाषा हिंदी पर अपने विचार व्यक्त किया। उनके संचालन में हिंदी की प्रसिद्ध कविताओं का सस्वर वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हिंदी में टंग ट्विस्टर (जीभ अमेठुआ), आशुभाषण और संख्या की उलटी गिनती करने की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं और विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

| हिन्दी भाषा के महत्व पर नाटक प्रस्तुत करते हुए छात्र | हिन्दी भाषा पर गीत की प्रस्तुति |
|---|---|
|  |  |

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|   |   |
| श्रीमती शीला छात्राओं को संबोधित करती हुई | प्रधानाचार्य ब्रदर विंसेंट द्वारा पुरस्कार वितरण |

**Little Flower Degree College**
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# हरिवंशराय बच्चन की जयंती का आयोजन संपन्न

| | |
|---|---|
| Name of the program | : **Harivansh Bachchan Jayanthi** |
| Date | : 25.11.2021 |
| Place | : Montfort hall |
| Number of participants | : 80 |

दि. 25.11.2021 को हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार, हालावाद के प्रवर्तक हरिवंशराय बच्चन की जंयती का आयोजन संपन्न हुआ। अवसर पर कॉलेज की उप प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हिंदी विभागाध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए छात्रों से कहा कि वे हिंदी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहें और अपनी प्रतिभा को निखारते रहे। साहित्य को अपने जीवन से जोड़ने से जीवन सहज और सरल होता है। हिंदी विभागाध्यक्ष शीला बालाजी ने कहा कि हरिवंशराय बच्चन ने अपने जीवन में बहुत उतार चढ़ाव देखें। अपने जीवन अनुभव को ही उन्होंने अपनी रचनाओं में अंकित किया है।

आशा, रोहन, विवेक, भाविश्का आदि छात्रों ने हरिवंशराय बच्चन की रचनाओं का सस्वर पाठ किया। बी.एससी. की छात्राएँ अभिज्ञा और श्रीचंदना ने हरिवंशराय बच्चन की जीवनी पर आधारित पीपीटी प्रस्तुत की। आरंभ में बीए अंतिम वर्ष की छात्राएँ सुश्री नीरजा, आशा और भाविश्का ने प्रार्थनागीत प्रस्तुत किया। बीएस.सी. के छात्र कौशिक ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।




हरिवंश राय बच्चन जयंती समारोह का आयोजन



कार्यक्रम का परिचय देती हुई श्रीमती शीला

# इंट्राकॉलेजियट प्रतियोगिताएं

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **Intra Collegiate competitions** |
| Date | : | 09.12.2021 |
| Place | : | Classroom |
| Number of participants | : | 43 |

दिनांक 09.12.2021 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में कॉलेज के छात्रों के लिए **इंट्राकॉलेजियट** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा चित्र क्या कहता है और जीवन का लक्ष्य व लॉक डाऊन और समय का सदुपयोग विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में क्रमशः 9 तथा 33 छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। ये प्रतियोगिताएं कोविड-19 के ताला बंदी के बाद आयोजित की गई थीं। काफी लंबे समय के बाद इस तरह के सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था।

अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। चित्र क्या कहता है में प्रथम पुरस्कार जिवांश अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार अभिजित चांद और तृतीय पुरस्कार ऋषिकेश को प्राप्त हुआ था जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम वाई. आशा, द्वितीय जी. वैष्णवी, तृतीय रोहन ज्ञानेश्वर बोतिकर को प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं के श्रीमती जी. वासवी तथा श्रीमती पी. नागलक्ष्मी ने चित्र क्या कहता है और निबंध लेखन के निर्णायक श्रीमती शीला बालाजी रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से और समापन हिंदी प्राध्यापक श्रीमती शीला बालाजी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।





चित्र क्या कहता है और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# मिधानि और बीडीएल के उत्पादों की प्रदर्शनी की सैर

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **Field Trip** |
| Date | : | 17.12.2021 |
| Place | : | Midhani |
| Number of Participants | : | 45 |

दि. 17.12.2021 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के छात्रों को हैदराबाद में स्थित मिधानि तथा बीडीएल के उत्पादों की प्रदर्शनी की सैर पर ले जाया गया। ये दोनों ही संगठन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत रक्षा उपक्रम हैं।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की अगुवायी में देशभर में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों का समारोह 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। समारोह के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय के देशभर में फैले हुए अनुसंधान एवं विकास, रक्षा उपक्रमों तथा उत्पाद संगठनों द्वारा 13 से 19 दिसंबर 2021 के दौरान रक्षा उत्पादों की 75 प्रदर्शनियाँ व 7 संग्रहालय स्थापित किए गए। इन प्रदर्शनियों व संग्रहालयों का उद्घाटन दि. 13 दिसंबर 2021 को माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया।

इस सैर पर जाना लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल के छात्रों के लिए अभिनव अनुभव रहा।






मिधानी भ्रमण -सर्टिफिकेट प्राप्त करते हुए श्रीमती शीला और छात्र -छात्राओं का समूह छायाचित्र

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# उस्मानिया विश्वविद्यालय के ओपन डे में प्रतिभागिता

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **Field Trip** |
| Date | : | 24/3/2022 |
| Place | : | Osmania university |
| Number of participants | : | 16 |

24 से 26 मार्च 2022 तक उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा उस्मानिया तक्ष-2022 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च को छात्रों और आम जनता के लिए ओपन डे पर विश्वविद्यालय का दौरा करने के लिए तथा 25 मार्च को पूर्व छात्र दिवस पर पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया और 26 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद के हिंदी प्राध्यापक अपने छात्रों सहित 24 मार्च 2022 को ओपन डे के दिन विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों सहित हिंदी विभाग व पुस्तकालय का अवलोकन किया और पुस्तक प्रदर्शनी देखी।

अवसर पर हिंदी प्राध्यापक व छात्रों ने बीओएस डॉ. मायादेवी, हिंदी विभागाध्यक्ष, डॉ. संगीत व्यास से हिंदी पाठ्यक्रम और हिंदी के प्रचार-प्रसार के संबंध में चर्चा की।






ओपन डे -उस्मानिया विश्वविद्यालय भ्रमण का सामूहिक चित्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के छात्र को काव्य लहरी में पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | **participated in poetry recitation at DBHPS** |
| Date | : | 13/4/2022 |
| Place | : | DBHPS, Khairatabad |
| Number of Participants | : | 04 |

उच्च शिक्षा एवं शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना द्वारा दि. 13.04.2022 को महाविद्यालय व विश्व विद्यालय के छात्रों के लिए काव्य पाठ की प्रतियोगिता 'काव्य लहरी' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर द्वय के विभिन्न महाविद्यालय व विश्व विद्यालय के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हिंदी महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापिका डॉ. सुरभि दत्त रहीं तो सभा के सचिव व संपर्क अधिकारी श्रीधर ने अध्यक्षता की।डॉ. के चारुलता और डॉ. साहिरा बानो बी बोरगल ने प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका निभाई।

'काव्य लहरी' प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के बीकॉम जनरल के छात्र चि. कौशिक कौलगी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने पर्यावरण-रक्षा आधारित कविता का सस्वर गायन किया था। इनके अलावा कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र विवेक, रोहन तथा हरिप्रसाद ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए गए।



हिन्दी मिलाप

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का काव्य लहरी कार्यक्रम सम्पन्न

**हिन्दी मिलाप में प्रकाशित समाचार**



**छात्र कौशिक कविता वाचन करते हुए**

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|  |  |
| द.भा. हि. प्र. सभा काव्य लहरी में भाग लिए गए छात्र प्रमाण पत्र के साथ | पुरस्कार से सम्मानित छात्र कौशिक |

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल में फेस्टा लिटरेरिया संपन्न

Name of the program: **FESTA LITERARIA (INTERCOLLEGIATE COMPETITION)**
Date : 07.05.2022
Place : LFDC
Number of participants : 25

दि. 07 मई 2022 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में फेस्टा लिटरेरिया का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत नगरद्वय के महाविद्यालयों के छात्रों के लिए कला, वाणिज्य, प्रबंधन तथा विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गयी। अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा शब्द निर्माण तथा आशुभाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें क्रमशः 18 और 7 छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। शब्द निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आईआईएमसी के हेमंत शर्मा व नंदिनी पांडेय, द्वितीय पुरस्कार एलएफडीसी के उदजीत व खादर और तृतीय पुरस्कार एन साई किरण (अविनाश डिग्री कॉलेज) व जतिन (एलएफडीसी) को प्राप्त हुआ था जबकि आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम हेमंत शर्मा (एलएफडीसी), द्वितीय अफशिया (एलएफडीसी) और तृतीय गौरव (आईआईएमसी) को प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं के श्रीमती डी. गायत्री और डॉ राघवेंद्र ने आशु भाषण और शब्द निर्माण में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से और समापन  धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

| शब्द निर्माण में भाग लेते हुए छात्र | श्रीमती जयंती रेड्डी से पुरस्कार प्राप्त छात्र |
|---|---|
|   |  |

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**




आशुभाषण में भाग लेते हुए छात्र



श्रीमती जयंती रेड्डी से पुरस्कार प्राप्त छात्र